एक नजर में

स्पोर्ट्स कोटा के तहत प्रवेश के लिए 22 तक करें आवेदन

शिमला : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने विभिन्न शिक्षण विभागों में स्पोर्ट्स कोटा के तहत प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम निदेशालय ने अभ्यर्थियों को अब 22 जुलाई तक आवेदन जमा करने का समय दिया है। निदेशक ने सभी शिक्षण विभागों के निदेशकों व अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे केवल उन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र भेजें जो निर्धारित शैक्षणिक पात्रता पूरी करते हों। (जासं)

डा. मिलाप बने डीन फैकल्टी एवं मेडिकल साइंस

शिमला : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने टाडा मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. मिलाप शर्मा को फैकल्टी आफ मेडिकल साइंस का डीन नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से दो वर्ष के लिए की गई है। (जासं)

क्षेत्रीय केंद्र खनियारा में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 21 से

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र खनियारा में सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 21 से 28 जुलाई तक होगी। संस्थान के निदेशक ने बताया कि भू-गर्भ विज्ञान विषय के लिए काउंसिलिंग 21, एमकाम व अंग्रेजी विषय के लिए 22, अर्थशास्त्र, गणित व संस्कृत विषय के लिए 23, एमसीए, बीजीडीसीए, इतिहास व हिंदी विषय के लिए 24, एलएलबी व राजनीति शास्त्र विषय के लिए 25 जुलाई तथा एमबीए के लिए 27 व 28 जुलाई को होगी। विद्यार्थी निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे सभी मूल दस्तावेजों के साथ संस्थान में पहुंचें। (जासं)

आज जारी होगी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची

शिमला : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी करने की नई तिथि घोषित कर दी है। अब विभिन्न विभाग 18 जुलाई को प्रवेश मेरिट सूची प्रकाशित करेंगे। अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों और संस्थान निदेशकों को 18 जुलाई को प्रवेश परिणाम और मेरिट सूची जारी करने के निर्देश दिए हैं। इस बदलाव के अलावा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के निर्धारित कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं किया है। (जासं)

छठे सेमेस्टर व डी फार्मेसी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने छठे सेमेस्टर व डी फार्मेसी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि 3368 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 2623 उत्तीर्ण हुए हैं। परिणाम 77.88 प्रतिशत रहा है। उन्होंने बताया कि स्वचित विषयों के पुनर्मूल्यांकन के लिए विद्यार्थी 23 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। (जासं)

एमए ग्रामीण विकास के लिए 23 तक कर सकेंगे आवेदन

शिमला : हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमए ग्रामीण विकास पाठ्यक्रम में सीटों पर प्रवेश के लिए दोबारा आवेदन मांगे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी प्रवेश अधिसूचना के अनुसार, अभ्यर्थी 23 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। (जासं)

सात दिन में शुरू करें पुलिस भर्ती के लिए कोचिंग : डीजीपी

शिमला : हिमाचल पुलिस में कांस्टेबल पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को निश्शुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन मिलेगा। डीजीपी अशोक तिवारी ने सभी आर्म्ड पुलिस बटालियनों के कमांडेंट को आदेश जारी कर सात दिन के भीतर निश्शुल्क कोचिंग शुरू करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की घोषणा के अनुरूप यह पहल युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में समान अवसर देने और उनकी तैयारी मजबूत करने के लिए शुरू की जा रही है। (जासं)

ऊना जिला परिषद चुनाव के लिए रणधीर विशेष पर्यवेक्षक

शिमला : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल ने जिला परिषद ऊना के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव के लिए विधायक रणधीर शर्मा को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया के संचालन एवं समन्वय के लिए पहले से नियुक्त विधायक सतपाल सिंह सत्ती, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष शाम निरंजन तथा जिला सह प्रभारी विशाल चौहान के साथ अब रणधीर शर्मा को भी विशेष पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। (जासं)

विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे शैक्षणिक दौरे : सुक्खू

मुख्यमंत्री ने कजाकिस्तान एक्सपोजर विजिट पर गए आइटीआइ प्रशिक्षुओं से की बातचीत

जागरण संवाददाता, शिमला : मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कजाकिस्तान के एक्सपोजर विजिट पर गए प्रदेश के विभिन्न आइटीआइ के प्रशिक्षुओं से शुक्रवार को दूरभाष पर बातचीत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से उनके अनुभव और उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षुओं को इस अंतरराष्ट्रीय शिक्षण अवसर का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि ऐसे शैक्षणिक दौरे विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सुखविन्द्र सुक्खू • जागरण आर्काइव

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा सरकार चिकित्सकों और मेडिकल छात्रों के लिए भी करवाएगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर दौरे

उन्होंने कहा कि वह पहली बार है जब सरकार ने तकनीकी संस्थानों के प्रशिक्षुओं के लिए विदेश में एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया है। इससे पहले सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए भी शैक्षणिक एवं एक्सपोजर यात्राओं का आयोजन किया जा चुका है और भविष्य में भी यह पहल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सकों और मेडिकल छात्रों के लिए भी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर दौरे करवाने पर विचार कर रही है ताकि वे वैश्विक स्तर पर आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों का अनुभव प्राप्त कर हिमाचल की स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बना सकें।

उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश के युवाओं को सुरक्षित और विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम ओवरसीज एम्प्लायमेंट सेल की स्थापना की है। उन्होंने विद्यार्थियों से निगम में पंजीकरण करवाने का आग्रह किया ताकि उन्हें विदेश में रोजगार के अवसर मिल सकें। यह पहल नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को फर्जी ट्रैवल एजेंट से बचाने के साथ उन्हें विदेशों में वास्तविक और बेहतर वेतन वाली नौकरियों तक पहुंच सुनिश्चित करेगी।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्यमंत्री को प्रशिक्षुओं द्वारा देखे गए शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों और अन्य प्रतिष्ठानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और बहुमूल्य सीख प्राप्त हुई है। विद्यार्थियों ने इसके लिए मुख्यमंत्री आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस एक्सपोजर विजिट ने उनके दृष्टिकोण का विस्तार और उनकी तकनीकी समझ को समृद्ध किया है तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान किया है जो भविष्य के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

रास्ता भटके गुजरात के तीन युवक किए रेस्क्यू

संवाद सहयोगी, जागरण • बैजनाथ : बिलिंग से आगे राजगुंधा की ओर चाइना पास के जंगल में रास्ता भटके गुजरात के सूरत निवासी तीन युवकों को पुलिस व स्थानीय लोगों ने तलाशी अभियान चलाकर रेस्क्यू किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बीरवार देर रात से तलाशी अभियान चलाया था, जो शुक्रवार सुबह सफलता के साथ पूरा हुआ। पुलिस के अनुसार, तीनों युवक ट्रेकिंग के दौरान घने जंगल में रास्ता भटक गए थे। सूचना मिलते ही थाना बीड़ के प्रभारी आदर्श के नेतृत्व में पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने रातभर दुर्गम क्षेत्र में उनकी तलाश की। शुक्रवार दिन में करीब 11 बजे चाइना पास से करीब 15 किलोमीटर दूर देवीधार के जंगल में तीनों युवकों का पता लगा लिया। इसके बाद उन्हें सुरक्षित बाहर लाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों युवक सुरक्षित हैं। उनकी प्राथमिक जांच के बाद औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं तथा मामले की विस्तृत रिपोर्ट अलग से तैयार की जाएगी।

हिमाचल प्रदेश में अगले साल होगा एसआइआर

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया वर्ष 2027 में करवाई जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अखिल भारतीय मीडिया संवाद के दौरान स्पष्ट किया कि हिमाचल में जनगणना का कार्य जारी है। जनगणना और एसआइआर जैसी दो बड़ी प्रक्रियाओं को एक साथ संचालित करना व्यावहारिक नहीं है।

- मुख्य चुनाव आयुक्त बोले, जनगणना और एसआइआर साथ-साथ संभव नहीं
- सर्दियों में हिमपात बनेगा बाधा, जनगणना के चलते अभी नहीं होगी प्रक्रिया

उन्होंने कहा कि जनगणना पूरी होने के बाद ही एसआइआर पर विचार किया जाएगा। यदि इसे सर्दियों में करवाने की योजना बनाई जाती है तो ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात के कारण कार्य प्रभावित होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची को सटीक, अद्यतन और पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य में मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए चुनावी प्रक्रियाओं की समयसीमा तय की जाती है। जनगणना और निर्वाचन संबंधी कार्यों में बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों की तैनाती होती है, इसलिए दोनों प्रक्रियाओं का एक साथ संचालन प्रशासनिक दृष्टि से भी चुनौतीपूर्ण होता है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग राज्यों की परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेता है। जनगणना कार्य समाप्त होने के बाद हिमाचल में एसआइआर के लिए कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

कम छात्र संख्या वाले आठ सरकारी स्कूलों का दर्जा घटाया

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : सरकार ने कम छात्र संख्या वाले सरकारी स्कूलों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए आठ स्कूलों का दर्जा घटाने का फैसला लिया है। स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सात या उससे कम नामांकन वाले चार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को हाई स्कूल व चार राजकीय हाई स्कूलों को मिडल में परिवर्तित कर दिया है। सरकार ने पालमपुर और भंगरोटू में दो सीबीएसई स्कूलों के विलय का पूर्व निर्णय भी वापस ले लिया है।

जारी अधिसूचना के अनुसार मंडी जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पल्लोटा और कथोग, सिरमौर के शुगा कांडो व शिमला के गिआन का दर्जा घटाकर राजकीय हाई स्कूल कर दिया है। कांगड़ा जिला के उतरपुर (जयसिंहपुर) व शिमला के ढाखल, ताहू, मशनू और अंबोई हाई स्कूल अब राजकीय मिडल स्कूल के रूप में संचालित किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि इन स्कूलों में कार्यरत स्टाफ, कार्यालय रिकार्ड, फर्नीचर, अन्य सामग्री, स्वीकृत पदों तथा भूमि एवं भवन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं नियमों के अनुसार की जाए। सरकार से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालमपुर और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालमपुर के विलय का फैसला रद कर दिया है। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालमपुर सीबीएसई लीड स्कूल रहेगा, जबकि पूर्व कन्या विद्यालय हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध रहेगा। पीएम श्री राजकीय मांडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भंगरोटू और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भंगरोटू के विलय का निर्णय भी वापस ले लिया गया है।

- पालमपुर व भंगरोटू में दो सीबीएसई स्कूलों के विलय का निर्णय वापस लिया
- शिमला के ढाखल, ताहू, मशनू और अंबोई हाई स्कूल अब होंगे मिडल

पीएम श्री विद्यालय सीबीएसई से संबद्ध लीड स्कूल के रूप में कार्य करेगा, जबकि दूसरा विद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भंगरोटू के नाम से एचपी बोर्ड से संबद्ध स्वतंत्र विद्यालय रहेगा।

स्टार्टअप योजना में 50 वर्ष वाले भी पात्र

राज्य ब्यूरो, जागरण, शिमला : राज्य सरकार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना-2025 में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत आवेदक की अधिकतम आयु सीमा 23 से 45 वर्ष के स्थान पर 23-50 वर्ष कर दी है। इसके तहत प्रदेश सरकार द्वारा ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने व योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है।

बीटेक, बी फार्मेसी की सीटें होंगी आवंटित

जागरण संवाददाता, हमीरपुर : हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर 18 जुलाई को बीटेक, बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) की काउंसिलिंग के दूसरे चरण की सीटें आवंटित करेगा। दूसरे चरण में भी एचपीसीईटी व जेईई की मेरिट के आधार पर आनलाइन सीटें आवंटित करेगा। जिन अभ्यर्थियों को मेरिट व विकल्प के अनुसार जहां बीटेक व बी फार्मेसी की सीट आवंटित होगी, उस शिक्षण संस्थान में 21 जुलाई तक रिपोर्ट करनी होगी।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर 18 जुलाई को दूसरे चरण की काउंसिलिंग में सीटें करेगा आवंटित

वहीं, आफलाइन काउंसिलिंग शेड्यूल के अनुसार 18 जुलाई को ही एमबीए पर्यटन एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए/एमएससी योग की पहले चरण की काउंसिलिंग तकनीकी विवि परिसर में होगी। फार्मा डी की पहले चरण की काउंसिलिंग भी 18 जुलाई को फार्मेसी कालेज कथोग, ज्वालामुखी जिला कांगड़ा में होगी। बीएससी एचएमसीटी व बीएचएमसी की पहले चरण की काउंसिलिंग 18 जुलाई को संबंधित शिक्षण संस्थानों में ही होगी, जहां उपरोक्त विषय चलते हैं।

बीसीए और बीबीए की काउंसिलिंग भी संबंधित शिक्षण संस्थानों में ही उपरोक्त तिथि को होगी। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डा. राजेश कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी।

राज्य दिव्यांग सशक्तीकरण पुरस्कार के लिए 25 तक भेजें नामांकन

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी सरकारी डिग्री एवं संस्कृत कालेजों, जीसीटीई और एससीईआरटी सोलन को एएसईएम के तहत दिए जाने वाले राज्य दिव्यांग सशक्तीकरण पुरस्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों के नामांकन भेजने के निर्देश दिए हैं। उच्च शिक्षा निदेशक की ओर से जारी पत्र में कहा है कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम लोगों के सशक्तीकरण निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी शिक्षण संस्थान इस संबंध में पात्र लोगों के नामांकन भेजें। निदेशालय ने कालेज प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि वे www.esomsa.hp.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन प्रारूप का अध्ययन कर पात्र अभ्यर्थियों के नामांकन तैयार करें। सभी प्रस्ताव 25 जुलाई तक उच्च शिक्षा निदेशालय को ईमेल और हार्ड कापी से भेजने होंगे।

हिमाचल में बढ़ेंगी पीजी मेडिकल सीट, 597 करने का प्रस्ताव

जागरण संवाददाता, शिमला : हिमाचल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी दूर करने और चिकित्सा शिक्षा को नई ऊंचाई देने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम बढ़ाया है। सरकार ने छह सरकारी मेडिकल कालेजों में पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) मेडिकल सीटों की संख्या 277 से बढ़ाकर 597 करने का प्रस्ताव रखा है। एक साथ 320 नई सीटें जोड़ने की तैयारी है। इस प्रस्ताव को मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया को भेजा जाएगा, यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो प्रदेश के इतिहास में पहली बार पीजी मेडिकल सीटों का इतना बड़ा विस्तार होगा।

इसका सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के मेडिकल छात्रों को मिलेगा, जिन्हें एमडी-एमएस जैसी विशेषज्ञ डिग्रियों के लिए दूसरे राज्यों का रुख कम करना पड़ेगा। साथ ही आने वाले वर्षों में सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डाक्टरों की उपलब्धता भी तेजी से बढ़ेगी। प्रदेश के सबसे बड़े चिकित्सा संस्थान आइजीएमसी शिमला में पीजी सीटें 139 से बढ़ाकर 230 करने का प्रस्ताव है। डा. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में सीटें 99 से 156, श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज नेरचौक (मंडी) में 24 से 79, डा. वाईएस परमार मेडिकल कालेज नाहन में तीन से 35, पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज चंबा में चार से 32 और डा. राधाकृष्णन मेडिकल कालेज हमीरपुर में आठ से 65 करने की योजना है।

> सरकार चिकित्सा शिक्षा को मजबूत बनाने और विशेषज्ञ डाक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार निवेश कर रही है। मेडिकल कालेजों में आधुनिक भवन, अत्याधुनिक जांच उपकरण, प्रयोगशालाएं और बेहतर शिक्षण संसाधन विकसित किए जा रहे हैं। - **सुखविन्द्र सिंह सुक्खू**, मुख्यमंत्री।

नए मेडिकल कालेजों में सबसे अधिक बढ़ोतरी प्रस्तावित की है। इससे वहां विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षा और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का दायरा भी बढ़ेगा। तीन वर्षों में सरकारी मेडिकल कालेजों के लिए सीनियर रेजिडेंट और ट्यूटर स्पेशलिस्ट के 218 नए पद सृजित किए हैं। इनमें टांडा में 54, हमीरपुर में 63, नेरचौक में 36, चंबा में 32, नाहन में 31 तथा अटल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी चमियाणा में दो पद शामिल हैं।

नीट-यूजी 2026 में एलन के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

कोटा, वि.: देश की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के घोषित परिणामों में एलन करियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान के पांच छात्रों ने टाप-10 में जगह बनाई, जबकि टाप-100 रैंक में एलन के 46 छात्र शामिल हैं। इसके अलावा 690 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले टाप-138 छात्रों में 63 छात्र एलन से हैं।

परिणामों के अनुसार, आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल किए। टाईब्रेकर नियमों के आधार पर आर्यन गुप्ता को आल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को आल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया।

पंशुल एलन के दो वर्षीय नियमित क्लासरूम कार्यक्रम के छात्र हैं, जबकि आर्यन डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े रहे हैं। एलन क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-4 हासिल की। वहीं एलन आनलाइन टेस्ट सीरीज के छात्र आर्यन दुबे ने एआइआर-7 और क्लासरूम छात्र गौरव सिंह ने एआइआर-9 प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।

ट्रेनी व जाब ट्रेनी कर्मियों के परिवारों को नहीं मिलेगा ईडब्ल्यूएस का लाभ

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) आरक्षण को लेकर बदलाव किया है। ट्रेनी और जाब ट्रेनी योजनाओं के तहत कार्यरत कर्मचारियों के परिवारों को भी ईडब्ल्यूएस श्रेणी का लाभ नहीं मिलेगा।

उच्च शिक्षा निदेशालय ने कार्मिक विभाग के आदेश सभी सरकारी डिग्री और संस्कृत कालेजों के प्राचार्यों को भेजकर पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2019 में राज्य सेवाओं में ग्रुप-ए, बी, सी और डी (पूर्व में श्रेणी-1, 2, 3 और 4) के पदों पर सीधी भर्ती में ईडब्ल्यूएस वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया था। उस समय यह भी तय किया था कि केंद्र और राज्य सरकार, बोर्ड, निगम, स्वायत्त संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों में नियमित और अनुबंध आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के परिवार ईडब्ल्यूएस श्रेणी के पात्र नहीं होंगे।

मानसून में भी सड़कों की मरम्मत 273 किलोमीटर में पैचवर्क पूरा

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति को बेहतर बनाने और यातायात को सुगम व सुरक्षित करने के लिए बुनियादी ढांचा विकास कार्यों में तेजी लाई गई है। 16 जुलाई को जारी आधिकारिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर पैचवर्क, बिटुमिनस कंक्रीट (बीसी) और सघन बिटुमिनस मैकाडम (डीबीसी) के कार्यों को पूरा किया है। प्रदेश में एनएच नेटवर्क को दुरुस्त करने का काम चल रहा है। विभिन्न मंडलों के अंतर्गत आने वाले नेशनल हाईवे पर 273 किलोमीटर हिस्से में पैचवर्क का काम पूरा कर लिया है। 79.90 किलोमीटर हिस्से पर बिटुमन कंक्रीट बिछाने का कार्य भी संपन्न हो चुका है। रामपुर, ठियोग, नाहन, सोलन, चंबा और हमीरपुर मंडलों दोनों तरह की पद्धति से सड़क निर्माण किया गया। एनएचएआइ की ओर से मानसून सीजन होने के बावजूद सड़कों की मरम्मत की जा रही है। इससे मानसून और आगामी सेब सीजन के दौरान बागवानों, स्थानीय जनता व पर्यटकों को सुगम परिवहन की सुविधा मिलेगी। शेष हिस्सों पर भी काम को तय समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य व प्रधान सचिव देवेश ने वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह व प्रधान सचिव देवेश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान होने वाली वर्षा से बाधित होने वाली सड़कों को यथासंभव वाहनों के खोला जाए। इसके लिए मशीनरी को भूस्खलन संभावित स्थानों पर रखा जाए।

IN THE COURT OF SENIOR CIVIL JUDGE COURT NO 1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA (H.P.)
PUBLICATION
In Ref:-Civil Suit CIS No.:-171/2013
Case: Raj Kumar vs Namita
Next Date of Hearing:13-08-2026
Raj Kumar s/o late Dharam Chand s/o Krishan Dyal r/o Mahal and Mauza Charri Tehsil Shahpur District kangra ...Plaintiff
Versus
1.Namita Walia w/o Sachin Walia s/o Kulbeep Chand r/o Mahal and Mauza Sahora Tehsil and District Kangra and others.
Notice to Lrs of Defendant No. 9 and 10
(LR of defendant No. 9: Satya Kamal wife, Raj Kamal Son, Sital Kamal daughter, Satya Rani Kamal daughter of Kamal Kishore S/o Kalasan Devi R/o V.P.O Nurpur, Tehsil Nurpur District Kangra H.P. Lrs of defendant No.10: Sanjeevani Devi wife, Parbhat Mahajan Son and Rutwari Mahajan daughter of Pawan Kumar S/o Kalasan Devi R/o V.P.O Nurpur, Tehsil Nurpur District Kangra H.P.
Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of the court that the above named Lrs of Defendant No. 9 and 10 (LR of defendant No. 9 Satya Kamal wife, Raj Kamal Son, Sital Kamal daughter, Satya Rani Kamal daughter of Kamal Kishore S/o Kalasan Devi R/o V.P.O Nurpur, Tehsil Nurpur District Kangra H.P. Lrs of defendant No.10 Sanjeevani Devi wife, Parbhat Mahajan Son and Rutwari Mahajan daughter of Pawan Kumar S/o Kalasan Devi R/o V.P.O Nurpur, Tehsil Nurpur District Kangra H.P.) is avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary way. Hence, this proclamation is hereby issued against him to appear in this court on 13-08-2026 at 10.00 A.M. to contest/defend the case personally or through an authorized agent or pleader failing which ex-parte proceedings will taken against them Hence, notice is hereby issued to Lrs of defendant no 9 and 10 for filing objections, if any to the above claim of the plaintiff by appearing personally or through an authorized agent or pleader failing which ex parte proceeding shall be taken in the matter.
Given under my hand and seal of the court on 13th day of July, 2026.
Senior Civil Judge-cum-ACJM
Dharamshala, District Kangra, H.P.

IN THE COURT OF SENIOR CIVIL JUDGE COURT NO 1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA (H.P.)
PUBLICATION
In Ref:-Succession Act CIS No.:-07/2026
Case: Arun Guleria vs Santosh Kumari
Next Date of Hearing:-17-09-2026
Arun Guleria Son of Sh. Tek Chand Son of Khemdi Ram, resident of Village Sihdpuri, Post Office and Tehsil Shahpur, District Kangra, H.P
....Plaintiff
VS
1. Santosh Kumari, Daughter of Tek Chand Son of Khemdi Ram 2. Suman Kumari, Daughter of Tek Chand Son of Khemdi Ram 3. Meena Kumari, Daughter of Tek Chand Son of Khemdi Ram 4. Reena Kumari, Daughter of Tek Chand Son of Khemdi Ram 5. General Public
....Respondents
6.Amrik Singh Son of Sh. Tek Chand son of Khemdi Ram, Resident of Village Sholpuri, Post Office and Tehsil Shahpur, District Kangra, H.P.
...Performa Respondents
Notice to General Public
Whereas the plaintiff has filed the above titled Succession Petition under section 276 of the Indian Succession Act, 1925 for grant of Probate on the basis of the Will executed and registered on 19/11/2014 by Lt. Sh. Tek Chand So Sh. Khemdi Ram resident of village Sihdpuri, Tehsil Shahpur, District Kangra, (H.P.), in favor of the petitioner and proforma respondent no. 6.Hence, notice is hereby issued to General Public for filing objections, if any to the above claim of the plaintiff by appearing personally or through an authorized agent or pleader failing which ex-parte proceedings shall be taken in the matter.
Given under my hand and seal of the court on 04th day of July, 2026.
Senior Civil Judge-cum-ACJM
Dharamshala, District Kangra, HP

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, शिमला-प्रथम तल, डागरा कमर्शियल कॉम्पलेक्स (संकेत हाईट्स), समीप सेब मंडी, भट्टाकुफर, संजौली, शिमला, हि.प्र.-171006
खासी
ई-नीलामी बिक्री सूचना
यह हिंदुस्तान टाईम्स एवं दैनिक जागरण समाचारपत्र में दिनांक 14.07.2026 को प्रकाशित ई-नीलामी बिक्री सूचना के संदर्भ में है, जो नीलामी के लिए 25.08.2026 को अनुसूचित थी। अतः शाखा के ऋणी- श्री सतनाम सिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह को तकनीकी कारणों से वापस लिया गया है।
दिनांक 17.07.2026 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: ऊना (हि.प्र.)

PSPCL पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड
पंजी. कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001
कारपोरेट पहचान सं. UP0109PB2010SGC033813 वेबसाईट: www.pspcl.in
(संपर्क सं.96461-01116)
निविदा पूछताछ सं. 25/सीसीडी/एचडीएच/टीएस/पीएसपीसीएल/2026 दिनांक: 18.07.2026
एएसईएफ निर्माण, सामने पीडब्लू गेट सं. 1, पीएसपीसीएल, लुधियाना द्वारा ठिड निर्माण परिसंघ, लुधियाना के अधीन ठिड निर्माण मंडल, लुधियाना के तहत आरडीएनएस योजना के अधीन आंशिक ई-बिक्री प्रणाली की जाती है।
विस्तृत निबंधन एवं निविदा विनिर्देशन हेतु कृपया http://eproc.punjab.gov.in पर 18.07.2026 (अप. 01.00 बजे से) संपर्क करें।
टिप्पणी: त्रुटिपूर्ण और परिशिष्ट यदि कोई हुआ, http://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।
सी 735/26
R.NO. 1079/12/2026-27/13396

PSPCL पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(पंजी. कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला-147001)
कारपोरेट पहचान सं. U40109PB2010SGC033813 वेबसाईट: www.pspcl.in
(संपर्क सं. 96461-55525)
ई-निविदा पूछताछ सं. 750/पी-3/ईएमपीडब्ल्यू-13288 दिनांक: 14.07.2026
उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रमोशमेंट सैल-3) डीडीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा एसओईएफ एवं सीसी दिशानिर्देशों के अनुसार पैचवर्किंग सीपेट रेडी मिक्स कंक्रीटएंट आवश्यक जपाद आदि में संलग्न बल्क उपभोक्ताओं से डीडीएसएसटीपी रूपनगर से 1,00,000 एमटी (मीट्रिक टन) ग्रुप्ड प्लांट ऐंट की बिक्री हेतु विनिमयु एवं निविदा आईडी सं. 2026_पावर_171903_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निबंधन एवं निविदा विनिर्देशन के लिए, कृपया 17.07.2026 को सायं 05.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in पर पधारें।
टिप्पणी:- त्रुटिपूर्ण और परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित किया जाएगा।
आरटीपी-71/26
RJIO. 1079/12/2026-27/13391

IN THE COURT OF CHIRAG BHANU SINGH, DISTRICT JUDGE, KANGRA AT DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, H.P.
Madho Ram son of Thinu son of Chatru, resident of Patti, Mauza Tiara, Tehsil and District Kangra, H.